>

Title : Need to provide additional coaches in the Daily Passenger train between Islampur and Patna in Bihar.

श्री राम स्वरूप प्रसाद (नालन्दा) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान पूर्वी रेल अंतर्गत इसलामपुर-पटना रेलखंड की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। उपरोक्त रेलखंड पर इसलामपुर से सुबह 6 बजकर 2 मिनट पर पटना के लिए ट्रेन खुलती है। इस ट्रेन में मात्र छः कोच रहने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आधी से अधिक संख्या को बस का सहारा लेना पड़ता है।

मेरी सरकार से मांग है कि उपरोक्त ट्रेन में छः अतिरिक्त कोच देने की व्यवस्था की जाये, जिससे इस पर चलने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके।